तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	के व तारीख उपरांत जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर
अपील संख्या– 15/2010 अंतर्गत धारा 75 एल.आर.एक्ट
(GCMS No. 2010/00014)

अनवानः

1. फूसाराम पुत्र स्व. खेमाराम जाति माली निवासी ग्राम किसमीदेसर तहसील बीकानेर जिला बीकानेर वगैरह।

.....अपीलांट्स

बनाम

1. आसूराम पुत्र स्व. फताराम जाति माली निवासी ग्राम किसमीदेसर तहसील व जिला बीकानेर वगैरह।

....रेस्पोडेंट्स

14.5.25

अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर पत्रावली आज पेशी में ली गई । अभिभाषकगण उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने प्रार्थना पत्र दिनांक 06.05.2025 प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उपरोक्त अनुवानी अपील में पक्षकारों के मध्य राजीनामा हो चुका हैं। अपीलांट लोक अदालत की भावना से अब इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रो खारिज करना चाहता है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर अपील जरिये विड्रो दाखिल दफ्तर फरमाई जावे।

हमने अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं इस न्यायालय की पत्रावली का अवलोकन किया। यह अपील न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (उत्तर) बीकानेर के आदेश दिनांक 30.04.2008 संशोधित आदेश दिनांक 29.05.2008 के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार अपीलांट इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रो करना चाहते है। अभिभाषक रेस्पोडेन्ट ने उक्त प्रार्थना पत्र दिनांक 06.05.2025 के संबंध में अपनी अनापत्ति व्यक्त की हैं। अतः अपील अपीलांट जरिये विड्रावल (withdrawal) खारिज की जाती है। अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड मय इस न्यायालय के निर्णय की प्रमाणित प्रति प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली सुरक्षित रखी जावें। आदेश सुनाया गया।

(डॉ. रवि कुमार सुरपर)
संभागीय आयुक्त,
बीकानेर